**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2846**

**20 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए**

**इस्पात उद्योग हेतु कच्चा माल**

**2846. श्री रामदास तडस:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस्पात उद्योग में कच्चे माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य देशों से कोकिंग कोल की खरीद में विविधता लाने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा कोकिंग कोल के घरेलू उत्पादन और उसके उपयोग को बढावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): इस्पात क्षेत्र के केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मुख्यतया आस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, इण्डोनेशिया, मोजाम्बिक जैसे देशों के एक विविधीकृत समूह से कोकिंग कोयले की खरीद कर रहे हैं। कोकिंग कोयले की खरीद के लिए रूस के साथ 14.10.2021 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के उपरांत रूस से कोकिंग कोयले का आयात भी बढ़ गया है। जिसका इस्पात निर्माण में उपयोग होता है।

विगत दो वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान कोकिंग कोयले के आयात का विवरण **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

(ग): कोकिंग कोयले के आयात प्रतिस्थापन के उद्देश्य से, इस्पात क्षेत्र द्वारा कोकिंग कोयले की मौजूदा स्वदेशी ब्लैंडिंग को बढ़ाया जाना है। तद्नुसार, कोयला मंत्रालय ने राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 में अनुमानित स्वदेशी कोकिंग कोयले की मांग को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2022 में मिशन कोकिंग कोयला की शुरूआत की है। कोयला मंत्रालय द्वारा कोकिंग कोयले के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित रूपांतरकारी उपाय किए गए हैं-

(i) स्वदेशी कोकिंग कोयले के उत्पादन को बढ़ाना:

क. कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मौजूदा खदानों से 26 एमटी तक कच्चे कोकिंग कोयले के उत्पादन को बढ़ाने की योजना बनाई है और वित्त वर्ष 2025 तक लगभग 22 एमटी की पीक रेटेड कैपेसिटी (पीआरसी) के साथ 10 नई खदानों की पहचान की है।

ख. सीआईएल ने ट्रांच-I और ट्रांच-II में निजी क्षेत्र के साथ राजस्व साझा किए जाने के नए नवाचारी मॉडल के आधार पर 8 बंद हो चुकी खदानों को उपलब्ध कराया

है- 6 एलओए (आश्वासन पत्र) जारी किए गए, जिनमें से, 03 के लिए करार पर हस्ताक्षर कर दिए गए हैं।

ग. कोयला मंत्रालय ने पिछले 2 वर्षों के दौरान 25.8 एमटी की पीआरसी के साथ निजी क्षेत्र के लिए 16 कोकिंग कोयला ब्लॉकों की नीलामी की है। इन ब्लॉकों द्वारा वर्ष 2028-29 तक उत्पादन शुरू करने की आशा है।

(ii) इस्पात क्षेत्र के लिए कोकिंग कोयले की आपूर्ति में वृद्धि:

क. धुलाई की क्षमता में वृद्धि: वर्तमान में देश की धुलाई क्षमता निजी क्षेत्र की 9.26 एमटीपीए सहित लगभग 23 एमटीपीए है। सीआईएल 26.5 एमटीपीए की क्षमता के साथ 9 नई वॉशरी की स्थापना एवं प्रचालन की योजना बना रहा है। इनका प्रचालन वर्ष 2027 तक होने की आशा है। इस प्रकार, सीआईएल की वॉशरी क्षमता के 13.96 से बढ़कर 40.44 एमटीपीए होने की आशा है। इसके अलावा, सेल द्वारा वॉशरी क्षमता को 2 से बढ़ाकर 6 एमटीपीए, टाटा स्टील द्वारा 7.8 से बढ़ाकर 10 एमटीपीए तथा जेएसडब्ल्यू द्वारा 2 एमटीपीए वॉशरी की क्षमता बढ़ाने की योजना बनाई गई है।

ख. पुरानी वॉशरियों का मौद्रीकरण: सीआईएल देश में धुलाई की क्षमता में वृद्धि के लिए पुरानी वॉशरियों के मौद्रीकरण की संभावनाओं को तलाश रहा है।

*****

**अनुलग्नक**

कोकिंग कोयले का आयात

(सभी आंकड़े मिलियन टन में)

| क्र. सं. | देश | अप्रैल-अगस्त 2023 (पी) |
|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 13,210 |
| 2 | कनाडा | 1,417 |
| 3 | इंडोनेशिया | 864 |
| 4 | लातविया | 0 |
| 5 | मोज़ाम्बिक | 796 |
| 6 | नीदरलैंड | 85 |
| 7 | न्यूज़ीलैंड | 99 |
| 8 | पोलैंड | 11 |
| 9 | रूस | 2,600 |
| 10 | सिंगापुर | 2,199 |
| 11 | स्विट्ज़रलैंड | 596 |
| 12 | संयुक्त अरब अमीरात | 246 |
| 13 | यू. के | 0 |
| 14 | यूक्रेन | 10 |
| 15 | यूएसए | 3,456 |
| **कुल** | | **25,589** |

| क्र. सं. | देश | 2022-23 |
|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 30,100 |
| 2 | ऑस्ट्रिया | 25 |
| 3 | कनाडा | 2,896 |
| 4 | कोलंबिया | 13 |
| 5 | इंडोनेशिया | 2,234 |
| 6 | लातविया | 72 |
| 7 | मोज़ाम्बिक | 2,081 |
| 8 | न्यूज़ीलैंड | 294 |
| 9 | रूस | 4,481 |
| 10 | सिंगापुर | 5,399 |
| 11 | स्विट्ज़रलैंड | 420 |
| 12 | संयुक्त अरब अमीरात | 660 |
| 13 | यू. के | 103 |
| 14 | यूएसए | 7,274 |
| **कुल** | | **56,053** |

| क्र. सं. | देश | 2021-22 |
|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 40,485 |
| 2 | ऑस्ट्रिया | 32 |
| 3 | कनाडा | 2,115 |
| 4 | चीन पी आरपी | 920 |
| 5 | जर्मनी | 82 |
| 6 | इंडोनेशिया | 1,104 |
| 7 | मलेशिया | 37 |
| 8 | मोज़ाम्बिक | 1,771 |
| 9 | न्यूज़ीलैंड | 99 |
| 10 | रूस | 1,506 |
| 11 | सिंगापुर | 4,302 |
| 12 | स्विट्ज़रलैंड | 572 |
| 13 | संयुक्त अरब अमीरात | 231 |
| 14 | यू के | 14 |
| 15 | यूएसए | 3,850 |
| **कुल** | | **57,123** |

स्रोत: डीजीएफटी

******